प्रेस विज्ञप्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–**cm-350**
17/08/2017

मुख्यमंत्री ने भागलपुर में सरकारी खाते से राशि की अवैध निकासी के सम्पूर्ण प्रकरण की जॉच एवं अनुसंधान हेतु मामला सी0बी0आई0 को सौंपने का दिया निर्देश

पटना 17 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भागलपुर में सरकारी खाते से राशि की अवैध निकासी के पूरे प्रकरण एवं सभी पहलुओं पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी एवं आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस महानिरीक्षक श्री जी0एस0 गंगवार के साथ समीक्षा की।

इस मामले में राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ–साथ सरकारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भूमिका प्रकट हुयी है। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में दर्ज काण्डों समेत सम्पूर्ण प्रकरण की जॉच एवं अनुसंधान हेतु मामले को केन्द्रीय जॉच ब्यूरो (सी0बी0आई0) को सौंपने का निर्देश दिया है।

******